26 जनवरी 2021

गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी 2021 को 72 वा. गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहरा कर सलामी दी गई।

इस अवसर पर 'सम्मान समारोह' रखा गया, जिसमें कोरोना काल में विशेष कार्य करने के लिए NSS तथा NCC के छात्रों को सम्मानित किया गया। पायल सिंह, आर्यन प्रकाश, सनोज कुमार, अमित गौतम, अंकुश को NSS सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक अवार्ड दिया गया।

स्वयं सेवक आर्यन प्रकाश को कोरोना वैक्सीन के ट्रायल लेने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अन्य स्वयंसेवकों को भी कोरोना काल में कार्य करने के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया

इस कार्य में डा० पूर्ति माहौर का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी सभी मौजूद थे।

सेवा योजना"

HALL VII
सेवा
कार्य एवं खेल
से पहले आप
जैन

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

नवबिहार दूत संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में 72 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरकारी कार्यालय, निजी संस्थान,शिक्षण संस्थान, विभिन्न राजनीतिक कार्यालयों सहित अन्य सभी जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगे को सलामी दी गई।

जिले में कई जगह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आरा के रमना मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। जहाँ डीएम रोशन कुशवाहा द्वारा झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।मौके पर बिहार पुलिस, होमगार्ड, अश्वारोही सशस्त्र बल, एनसीसी आदि के द्वारा आकर्षक परेड किया गया। झंडोत्तोलन को देखने के लिए मैदान के चारों ओर लोग उत्साह से शामिल थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय समेत कई वरीय पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी,विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेतागण उपस्थित थे।

वही जनता दल यू भोजपुर के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उपस्थित

लोगों में विधान परिषद सदस्य राधाचरण साह,पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद,प्रो सत्यनारायण सिंह, उप मेयर पुष्पा कुशवाहा, भाई ब्रह्मेश्वर, कामेश्वर कुशवाहा, अशोक शर्मा, नंद किशोर यादव , राजीव रंजन श्रीवास्तव,पप्पू चौबे,राकेश रंजन पुतुल,सुनील पाठक,भीम पटेल, मनोजा देवी, मुकुल सिंह,शशि चौधरी, संजय, मृत्युंजय भारद्वाज, अभय विश्वास भट्ट, जय प्रकाश चौधरी, जगरनाथ सिंह, चींकू सिंह, मोहित सिंह, सुरेंद्र चौधरी, दयानिधि कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

वही भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लव पाण्डेय, शम्भू चौरसिया,आदित्य विजय प्रताप सिंह,महामंत्री अभिषेक राय, मदन स्नेही,श्री भगवान सिंह, मंत्री वंदना राजवंशी,प्रवक्ता संजय सिंह, मनीष प्रभात,नवीन प्रकाश, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह,कार्यालय मंत्री सचिन,आईटी संयोजक कुमार गौतम, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंग बहादुर यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

आरा के वार्ड नंबर 21 महादेवा मगहिया टोली में झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर वयोवृद्ध नंदकिशोर राम व वार्ड पार्षद अधिवक्ता अमित कुमार बंटी,विकास मित्र आशा भारती सहित आदि थे।

वही एच.डी जैन कॉलेज के द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें एचडी जैन कॉलेज के प्राचार्य द्वारा कोरोना काल में विशेष कार्य करने के लिए एनएसएस तथा एनसीसी के छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमे पायल सिंह, आर्यन प्रकाश,सनोज कुमार,अमित गौतम, अंकुश राज को एनएसएस वेस्ट वॉलिंटियर अवॉर्ड दिया गया साथ ही स्वयंसेवक आर्यन प्रकाश को कोरोना वैक्सीन के ट्रायल लेने के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तथा कोरोना मे काम कर रहे अन्य वॉलिंटियर्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। वही संदेश प्रखंड क्षेत्र के कई सरकारी गैर सरकारी संस्थान प्रतिष्ठान में 72 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय, रेफरल अस्पताल, शिक्षा कार्यालय, मवेशी अस्पताल, पंचायत भवन में तिरंगा झंडा फहराया गया। संदेश थाना में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने तिरंगा झंडा फहराया। जानकी पब्लिक स्कूल खंडोल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।

गणतंत्र दिवस पर एचडी जैन कॉलेज में हुआ सम्मान समारोह

आरा/संवाददाता। एच0डी0 जैन कॉलेज के प्राचार्य द्वारा कोरोना काल में विशेष कार्य करने के लिए एनएसएस तथा एनसीसी के छात्रों को सम्मानित किया गया जिसमे पायल सिंह,आर्यन प्रकाश, सनोज कुमार,अमित गौतम, अंकुश राज को एनएसएस बेस्ट वॉलिंटियर अवॉर्ड दिया गया साथ ही स्वयंसेवक आर्यन प्रकाश को कोरोना वैक्सीन के ट्रायल लेने के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तथा कोरोना मे काम कर रहे अन्य वॉलिंटियर्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया जिनमें निखिल राजू रविशंकर अमित रुचिप्रिया अमृता साक्षी श्यामली खुशबू निशू सामिल थे। एनसीसी के कैडेड को प्राचार्य द्वारा रैंक भी प्रदान की गई। प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा जी ने कार्यों की सहारना के साथ-साथ अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन दिया। इस कार्य में प्रोफेसर पूर्ति माहौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही कॉलेज के अन्य प्रोफेसर डॉक्टर अंजली गुप्ता डॉ माधुरी डॉ पुष्पा द्विवेदी डॉ संजय चौबे अंकुर त्रिपाठी ने भी स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की एवम् बधाई दी ।